Budha Dal Public School, Patiala

Session 2022-23

Term - 2 | Subject- Hindi | Set - B | Time : 2:30hrs | M.M 60

Name-________________ Roll No.-____ Class-5 Section_____ Date 20.3.23

1.निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो। (5)

जब आए सर्दी का मौसम
ठंड है बढ़ जाती।
पत्ते पेड़ों से झड़ जाएँ,
पतझड़ ऋतु वह कहलाती।

खिले फूल वसंत में ,
खुशबू फैले चारों ओर।
भँवरे भी फूलों पर गूँजे,
कोयल मचाये शोर।

प्रश्न-

i) फूल किस मौसम में खिलते हैं?

ii) पतझड़ में पेड़ों से क्या झड़ जाते हैं?

iii) ठंड किस मौसम में बढ़ जाती है?

iv विलोम शब्द - 1. बदबू 2. गर्मी

v) शब्द अर्थ - 1. ऋतु 2. जिस ऋतु में चारों तरफ़ फूल खिल जाते हैं

2. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो। (5)

कुणाल मेरा सबसे प्रिय मित्र है। वह मेरी कक्षा में ही पढ़ता है। वह एक आदर्श छात्र है। उसके पिता एक डॉक्टर हैं तथा उसकी माँ एक आदर्श गृहिणी हैं। वह प्रतिदिन समय से स्कूल जाता है। उसके कपड़े सदैव साफ़-सुथरे रहते हैं। वह पढ़ने में बहुत तेज़ है। वह सदैव गणित के सवाल हल करने में मेरी सहायता करता है। वह अपने

Scanned with OKEN Scanner

सभी कार्य समय से कर लेता है। वह सदैव परीक्षा में प्रथम स्थान लाता है। वह अपने माता-पिता तथा गुरुजनों का आदर करता है। वह कभी-भी किसी से झगड़ा नहीं करता है। वह क्रिकेट का एक अच्छा खिलाड़ी है। शाम को हम उसके साथ मैदान में क्रिकेट खेलते हैं। मुझे उसकी मित्रता पर गर्व है।

प्रश्न-

i) कुणाल कैसे कपड़े पहनता है?

ii) कुणाल कौन सा खेल खेलता है?

iii) कुणाल के पिता जी क्या करते हैं?

iv) विलोम : 1. गंदा 2. शत्रु

v) शब्द अर्थ : 1. मदद 2. पाठशाला

3. <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।</u>

i. रमा के पूछने पर कि हम त्योहार क्यों मनाते हैं गुरु जी ने क्या कहा? (3)

ii. पड़ोस वाले बच्चों को बचाने क्यों नहीं गए? (2)

iii. दीपावली का त्योहार क्यों मनाते हैं? (3)

iv. यदि कुत्ते के काटने पर टीका न लगवाया जाए तो क्या हो सकता है? (2)

v. समीना ने किसके बाहर झाँका? (1)

1. दरवाज़े 2. खिड़कि 3. खिड़की

vi. रूपा और संजय कहाँ खेल रहे थे? (1)

1. मैदान में 2. छत पर 3. पहाड़ पर

vii. रमज़ान के महीने में कितने रोज़े रखे जाते हैं? (1)

1. बीस 2. तीस 3.दस

viii. आग से समीना के क्या झुलस गए थे? (1)

1. पैर 2. बाल 3. हाथ

4. <u>अनेकार्थी शब्द:-</u> (3)

1. अंक

i) धुरी ii) धन iii) गोद

2. काल

i) समय ii) भेद iii) हाथ

3. अंतर

i) आकाश ii) ~~धन~~ भेद iii) मध्य

Scanned with OKEN Scanner

5. नीचे दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखो :- (3)

1. कमर कसना

i) भेद खुलना ii) कोई असर ना होना iii) किसी काम के लिए तैयार होना

2. गुड़ गोबर होना

i) बेफ़िक्र होना ii) अपनी जान जोखिम में डालना iii) बना काम बिगड़ जाना

3. घी के दिए जलाना

i) शोभा बढ़ाना ii) खुशियाँ मनाना iii) बुरी तरह हराना

6. निम्न वाक्यों में से काल छाँट कर लिखो :- (4)

1. रमा चाय बना रही है।
2. हवा चल रही थी।
3. दादा जी फल धो रहें हैं।
4. मेघा गाड़ी चलाएगी।

7. रेखांकित शब्दों के लिंग बदलो :- (5)

1. बछड़ा घास खा रहा है।
2. घोड़ा तेज़ दौड़ा।
3. बाग़ में मोर था।
4. चाचा जी ने सेब खरीदे।
5. बकरा घास खा रहा था।

8. रेखांकित शब्दों के वचन बदलो :- (5)

1. पेड़ के पास झाड़ी थी।
2. अपनी किताब अलमारी में रखो।
3. चुहिया अनाज खा रही थी।
4. चिड़िया पेड़ पर बैठी है।
5. बालक ने कलम तोड़ दी।

Scanned with OKEN Scanner

9. <u>अनेक शब्दों के लिए एक शब्द :-</u> (4)

1. जल में रहने वाला
2. शरीर संबंधी
3. गाने वाला
4. दस वर्ष का समय

10. <u>वाक्य बनाओ :-</u> (3)

1. सैर
2. बादल
3. पालतू

11. <u>निम्न शब्दों के अर्थ लिखो :-</u> (2)

1. अभिवादन
2. हिम्मत
3. खून
4. रोज़े

12. अपने विद्यालय की मुख्याध्यापिका जी को बीमारी के कारण छुट्टी लेने के लिए पत्र लिखो। (7)

Scanned with OKEN Scanner